# नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड

## स्वास्थ्य, सुरक्षा एंव पर्यावरण नीति

**प्रतिबद्धता :**

हम हमारे साथ काम करने वाले सभी कर्मचारियों, ठेकेदारों और ठेके श्रमिकों, ग्राहकों और जनसमुदायों के स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति और पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध है। हम सभी सांविधिक विनियमों का पालन करेंगे और पर्यावरण के हित में जरुरत पड़ने पर इससे भी आगे जाकर कार्य करेंगे। हम यह मानते हैं कि स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के सभी पहलु हमारी व्यापार योजना और प्रचालन प्रक्रिया के अभिन्न अंग हैं।

**नीति :**

इन मार्गदर्शक सिद्धांतो के आधार पर प्रतिबद्धता को निम्नप्रकार निरुपण करेंगे :

- सुरक्षित सुविधाएं और कार्य-परिवेश प्रदान करना और इसे बनाए रखना।
- यह भावना रखेंगे कि सभी कर्मचारी स्वयं की सुरक्षा और ऐसे कार्य जो दुसरों की सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं, के प्रति जिम्मेदारी लेती है।
- हमारी गतिविधियों से पर्यावरण पर पड़नेवाले प्रतिकुल प्रभाव कम करने के लिए उपयुक्त तकनीक अपनायेंगे ।

निम्नलिखित के लिए स्पष्ट उद्देष्य और लक्ष्य निर्धारित करेंगे :

- दुर्घटना और व्यावसायिक बीमारियों को प्रतिरोध करने हेतु और हमारी गतिविधियों से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकुल प्रभाव कम करने के लिए निरंतर सुधार करेंगे।
- प्रशिक्षण के माध्यम से एंव जहाँ जरुरत हो ठेकेदारो, ग्राहकों और जनता को शामिल करते हुए अनुभवों एंव उत्कृष्ट पद्धतियों की जानकारी साझा कर शिक्षण को आगे बढ़ायेंगे।
- स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण निष्पादन में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए मूल्यों और दृष्टिकोणों को शामिल करेंगे।

हमारे मिशन को प्राप्त करने के लिए निम्नप्रकार उपाय करेंगे :

- सभी स्तरों पर स्पष्ट भूमिका और उत्तरदायित्व निर्धारित करेंगे और नियमित अवधि पर समीक्षा करके स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण उद्देश्यों मे उनका योगदान को मान्यता देंगे।
- पर्याप्त संसाधन आवंटन करेंगे।
- सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में सहभागिता की भावना को बढ़ावा देंगे।
- स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक उपयुक्त फोरम का गठन करेंगे।

निम्नप्रकार कार्यनिष्पादन की निगरानी:

- कार्य प्रक्रिया, सिस्टम और प्रेक्टिसों का नियमित अवधि में ऑडिटिंग करायेंगे और तत्परता से विसंगतियों में सुधार लायेंगे।
- कर्मचारियों, बिजनेस इकाइयों, ठेकेदारों, ठेके श्रमिकों, और बिजनेस सहयोगियों के समग्र कार्य निष्पादन को आकलन करने हेतु स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण निष्पादन को एक पैरामीटर के रुप में संयोजन किया जाएगा ।

➤ उपर्युक्त एनआरएल के सभी संस्थानों में लागू होगा।

भास्कर ज्योति फुकन

(भास्कर ज्योति फुकन)
निदेशक (तकनीकी)

संशोधन - ०३/ दिनांक:२८.१०.२०१९